कार्रवाई — वारासिवनी में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# कृषि केंद्र में मिले एक्सपायरी डेट के कीटनाशक



**नवभारत, वारासिवनी।** किसानों के साथ धोखाधड़ी रोकने और कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 29 जून को वारासिवनी में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री कार्तिकेय जायसवाल के नेतृत्व में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के प्रमुख 'रूसिया कृषि केंद्र' का औचक निरीक्षण किया।

प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल प्रभाव से सभी एक्सपायरी कीटनाशकों को जब्त कर लिया है। टीम ने स्पष्ट किया है कि किसानों के स्वास्थ्य और फसल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने जानकारी दी कि जब्त किए गए कीटनाशकों को नियमानुसार नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

इस औचक निरीक्षण कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम में प्रमुख रूप से एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार श्री सुरेश उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेंभरे उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की टीम भी निरीक्षण प्रक्रिया में पूरी तरह शामिल रही।

प्रशासन ने इस कार्रवाई के माध्यम से सभी कृषि विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें और एक्सपायरी सामग्री का विक्रय कतई न करें। साथ ही, किसानों से भी अपील की गई है कि वे कीटनाशक या खाद खरीदते समय हमेशा एक्सपायरी डेट जरूर जांचें और पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

इस कार्रवाई से कृषि आदान विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और भविष्य में इस प्रकार की और भी जांच की संभावना जताई जा रही है।

### अनियमितता पाए जाने पर सख्त रुख

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने कृषि केंद्र में उपलब्ध धान के बीज, विभिन्न कीटनाशकों के स्टॉक पंजी (रजिस्टर), व्यवसायिक लाइसेंस और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान केंद्र में कुछ कीटनाशक ऐसे पाए गए जिनकी 'एक्सपायरी डेट' (समाप्ति तिथि) निकल चुकी थी।

# 4 करोड़ रुपयों की लागत से चल रहे गैबियल वॉल और निर्माणाधीन पुल का विधायक विवेक पटेल ने किया निरीक्षण

**क्षेत्र के हर ग्राम में विकास करवाना हमारी पहली प्राथमिकता : विवेक पटेल**



**नवभारत, वारासिवनी।** विधायक विवेक पटेल ने ग्राम चिचोली में नदी किनारे 4 करोड़ रुपए की लागत से बन रही गैबियल वॉल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।विधायक पटेल ने निर्माण कंपनी और ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी और मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए है।जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ग्राम पिपरिया से कोथुरना के मध्य चल रहे रहे निर्माणाधीन पुल का निर्माण कार्य देखने पहुंचे।जहा उन्होंने काम कर रहे कर्मचारियों से चर्चा की।वहीं ठेकेदार को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो,पुल का निर्माण कार्य जल्द करवाने को कहा।यह दोनों ही निर्माण कार्य राजस्थान की एस एल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है।इस दौरान सब इंजीनियर नवीनता बोरकर,संदेश बिसेन,राहुल अरोरा,छत्तरसिंह माहुले,डीलेश टेंभरे,विजय आड़े,महेश लिल्हारे,ईश्वरीय बिसेन,अतुल पटले,जयराम सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### निर्माण कार्य घटिया नहीं हो, कार्य एजेंसी को दिए निर्देश

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि नदी किनारे बनने वाली गैबियल वाँल बनाने का उद्देश्य आस-पास को आबादी को कटाव से बचाना और जल स्तर को बढ़ने पर सुरक्षा प्रदान करना है। गैबियल वॉल नदी के बहाव को नियंत्रित कर आसपास के मिट्टी को कटने से रोकती है।नदी किनारे बने मकानों,सड़को और अन्य बुनियादी ढांचों को ढहने से सुरक्षित रखती है।बाढ़ के पानी की लहरों से धीरे-धीरे सड़क किनारे मिट्टी का कटाव हो चुका था।जिससे सड़क भी जर्जर हो चुकी थी।जिसका निर्माण कार्य भी होने वाला है।वहीं आवागमन में ग्रामीणों को कठिनाइयाँ ना हो,इसी को ध्यान में रखकर पुल निर्माण कार्य भी पूर्णता की ओर है।क्षेत्र का विकास करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।किसी भी पंचायतों से मेरे द्वारा भेदभाव नहीं किया जाता।ग्राम की जनता जो काम करवाने आदेश करती है।मै उन्हीं के आदेश पर कार्य करवाता हु।

## 1 से 7 जुलाई की अवधि में बालाघाट जिले में भारी से अति भारी वर्षा का अलर्ट

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 के दौरान मौसम अत्यंत सक्रिय रहने की संभावना है। इस अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बादलों के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने, आंधी-तूफान आने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। जिला कृषि मौसम इकाई एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, बडगांव-बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। सुबह के समय वायुमंडलीय आर्द्रता 96 से 99 प्रतिशत तथा दोपहर में 82 से 88 प्रतिशत तक रहने की संभावना है।

# डबल मनी का मास्टर माइंड फिर जनता के निशाने पर

**सोमेंद्र कंकरायने के रिश्तेदारों ने दी फिर एक सप्ताह की मोहलत**



**नवभारत, लांजी।** बालाघाट जिलें के साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ से जनता की गाड़ी मेहनत की कमाई के अरबों खरबों रुपए फरार डबलमनी घोटाले का मास्टरमाइंड सोमेंद्र कंकरायने का आज भी जनता दिन रात ढूंढ रही कि वो कही मिल जाए ओर जनता को उनकी मूल राशि ही मिल जाए । सोमेंद्र के हाथों लुटे सैकड़ों लोगों ने के उसके बोलेगांव स्थित घर में आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया था।

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लांजी क्षेत्र के निवेशकों को गुप्त सूचना मिली कि सोमेंद्र रात्रि में गुप चुप अपने घर आया है फिर क्या था धीरे धीरे ये खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई ओर सैकड़ों की संख्या में लोगों का घर में पूछना चालू हो गया ओर प्रदर्शन चालू कर दिए । पुलिस की समझाइश के बाद प्रदर्शन कर रहे निवेशक शांत होकर घर तो लौटे साथ ही सबने जल्द ही बड़े आंदोलन की प्रशासन को चेतावनी भी दी है।

चेतावनी के मुताबिक ठीक दूसरे ही दिन 29 जून की शाम करीब 6 बजे से निवेशकों ने बेनेगांव में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें रुपरेखा बनाई गई कि आगे कलेक्टर और एसपी को पत्र सौपेंगे और एक बड़ा आंदोलन कैसे करेंगे। जनचर्चा है कि जैसे ही इस बैठक की खबर सोमेंद्र कंकरायने के रिश्तेदारों को लगी तो सोमेंद्र के रिश्तेदारों ने प्लानिंग कर रहे लोगों से संपर्क किया और फिर उन्हें एक सप्ताह की मोहलत दी है, सूत्रों की मानें तो सोमेंद्र के रिश्तेदारों ने दावा भी किया है कि एक सप्ताह में सबका पैसा मिल जाएगा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल का किया निरीक्षण और बंदियों की सुनीं समस्याएं



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट प्राणेष कुमार प्राण ने जिला जेल बालाघाट का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्राणेष कुमार प्राण ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बंदी को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है तथा पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, आवासीय सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार सोनी, अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक रामलाल सहलाम सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# बिजली संकट से परेशान कनकी, ग्रामीण 5 जुलाई को करेंगे चक्काजाम आंदोलन




**नवभारत, लालबर्रा।** ग्राम कनकी में पिछले लगभग एक महीने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल डहरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी गई और स्थायी समाधान का अनुरोध किया गया, लेकिन इसके बावजूद आज तक बिजली विभाग ने समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकाला है। अधिकारियों की इस उदासीनता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। विद्युत विभाग के इसी रवैये के विरोध में अब 'सम्पूर्ण ग्राम कनकी' के समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल डहरवाल के अनुसार, बिजली संकट के विरोध में आगामी दिनांक 05 जुलाई (रविवार) को ग्राम कनकी में चक्का जाम आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।

## 7 दिवसीय सिविल डिफेंस कार्यशाला का हुआ समापन

**नवभारत, बालाघाट।** डायरेक्टर जनरल होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं एसडीईआरएफ बालाघाट द्वारा 24 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित सात दिवसीय नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) कार्यशाला का समापन मंगलवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड/ एसडीईआरएफ. बालाघाट ललित कुमार उद्दे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार कौरव ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# आसमानी बिजली का कहर, 4 दुधारू भैंसों की मौत

**जरामोहगांव में दो परिवारों की आजीविका ही छिन गई, तत्काल मुआवजा देने की मांग**



**नवभारत कटंगी 30 जून।** जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरामोहगांव में सोमवार दोपहर प्रकृति ने ऐसा कहर बरपाया कि दो पशुपालक परिवारों की पूरी आजीविका ही छिन गई। दोपहर करीब 2 बजे अचानक मौसम बदलने के बाद तेज गर्जना और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चार दुधारू भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मृत मवेशियों में *पशुपालक होमेंद्र पटले तथा रमेश पटले की दुधारू भैंसें शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार, ये मवेशी ही दोनों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन थे। दूध बेचकर ही घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और कर्ज की किस्त चुकाई जाती थी। एक साथ चार भैंसों की मौत से दोनों परिवारों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### अब कर्ज कैसे चुकाउंगा : रमेश

पीड़ित रमेश पटले ने रोते हुए बताया कि साहब, 80-80 हजार की दो भैंसें थीं। बैंक से लोन लेकर ली थीं। रोज 15-20 लीटर दूध होता था। अब न दूध है, न कमाई। कर्ज कैसे चुकाऊंगा? बच्चों को क्या खिलाऊंगा? घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनपद सदस्य प्रतिनिधि शारदा डहरवाल मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया।

### ग्रामीणों की मांग, शीघ्र सर्वे कर मिले राहत राशि

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र सर्वे कर पीड़ित परिवारों को राहत राशि प्रदान की जाए। नियमों के अनुसार प्राकृतिक आपदा में दुधारू पशु की मृत्यु पर 37,500 रुपये प्रति पशु तक मुआवजे का प्रावधान है। इस हिसाब से दोनों परिवारों को करीब 1.5 लाख रुपये का मुआवजा मिल सकता है।

### प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए

ग्राम पटेल का कहना है कि बारिश के मौसम में हर साल बिजली गिरने से पशुओं की मौत होती है, लेकिन मुआवजा मिलने में 6-6 महीने लग जाते हैं। तब तक किसान कर्ज में डूब जाता है। प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आकाशीय बिजली से पशु हानि पर मुआवजे का प्रावधान है।

### 40 मामलों में अब तक मुआवजा नहीं मिला

क्या इस बार पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा या फिर फाइलों में उलझकर रह जाएगा उनका हक? कटंगी क्षेत्र में पिछले 3 साल में बिजली गिरने से 27 पशुओं की मौत हो चुकी है, लेकिन 40 मामलों में अब तक मुआवजा नहीं मिला।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा




**नवभारत, बालाघाट ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के 5लाख पेंशनर्सों के हित रक्षणार्थ आंदोलन के दुसरे चरण में प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष ए एल मोहारे, संभागीय उपाध्यक्ष डा. एस एस बिसेन व संरक्षक सुभाष पटेल के नेतृत्व में आज पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर श्री मयाराम कोल को सौंपा गया । ज्ञापन सौंपने के पूर्व जिले के सभी तहसीलों से पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों का हुजुम स्थानीय कमला नेहरू सभागृह में एकत्र होकर धरना , प्रर्दशन कर सरकार की पेंशनर्सों की नीतियों के विरुद्ध लांजी , किरनापुर , वारासिवनी, खैरलांजी, लामता , लालबर्रा, आदि के पदाधिकारियों द्वारा उद्बोधन किया गया साथ ही आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसी तारतम्य में जिला सचिव अमर सिंह ठाकुर, पी आर देशमुख, संभागीय उपाध्यक्ष डा एस एस बिसेन, जिला अध्यक्ष ए एल मोहारे व संरक्षक सुभाष पटेल ने भी उपस्थित पेंशनर्स साथियों को आंदोलन के प्रथम चरण की सफलता के लिए बधाई देते हुए सरकार से अपने हितों की रक्षा हेतु संघर्षरत रहने का आव्हान किया । मंच संचालन कोषाध्यक्ष पी एल मोहारे द्वारा किया गया। सभा की समाप्ति के बाद सभागृह से एक विशाल रैली के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय की ओर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रस्थान किया । कार्यालय पहुंच कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर श्री मयाराम कोल को सौपा गया । ज्ञापन सौंपने के पूर्व उसका वाचन श्री पी आर देशमुख द्वारा कर उपस्थित सभी पेंशनर्सों व अधिकारी गण को सुनाया गया ।

जनता दरबार — नपा का जनता दरबार बन गया इतिहास का अमिट हस्ताक्षर

# विद्युत मंडल द्वारा लगाये जा रहे सड़क किनारे पोल की सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर की जायेगी समीक्षा : जायसवाल



**नवभारत, वारासिवनी।** नपा परिषद की परंपरा मे आज मंगलवार को जनता दरबार मे बरसते पानी मे भी जनमानस ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके के समक्ष गंभीरता से अपनी समस्याओ को रखा। जिस पर त्वरित मे समाधान किया, वही बडी समस्याओ के संदर्भ मे प्रकिया शुरू करायी गयी।

आज सबसे पहले नपा परिषद ने आरडीएसएस योजना के तहत जय स्तंभ फीडर मे विधूत मंडल के द्वारा 11 केवी लाईन के लिये लगाये जा रहे विधूत पोल की समीक्षा की। जिस पर सहायक यंत्री राहुल तुरकर को बुलाकर नपा ने अपनी सडक चौडीकरण की योजना की जानकारी देकर इन पोलो के स्थल को परिवर्तीत करने का निर्णय सुनाया। जिस पर सामुहिक निर्णय मे सडक किनारे लगे हुये लगभग 40 पोलो के स्थल का मुआयना कर आवश्यकता पडने पर इन पोलो को निर्धारित सडक से पर्याप्त दूरी पर पुन लगाने का निर्णय लिया गया। जिसमे स्थल निरिक्षण के लिये सहायक यंत्री और नपा के उपयंत्री की टीम भी गठित कर दी गयी।

इसी तरह वार्ड 4 के वंदना सदन से ग्रहयोग तक की गली के विवाद मे नपा ने अपर न्यायालय के द्वारा नपा परिषद से मांगे गये पक्ष को न्यायालय मे रखकर न्यायालय के निर्णय का सम्मान करने का निर्णय लिया। गौरतलब है की इस विषय को लेकर सुरेश दिक्षीत व अरविंद तिवारी दोनो अपने अपने पक्ष को सही करार दे रहे है।

इसी तरह चौपाटी के व्यवसायीयो ने आज एक साथ आकर नपा परिषद से निवेदन किया की बरसात के मौसम को देखते हुये बाजार ठेकेदार को चार माह के लिये कम राशी लेने का आदेश प्रदान किया जाये। साथ ही पानी निकासी के लिये पर्याप्त व्यवस्था भी की जाये। जिस पर नपा परिषद ने तत्काल बाजार ठेकेदार को आदेशित कर चौपाटी के ठेले वालो से कम राशी लेने का जंहा निर्णय सुनाया। वही नाली व्यवस्था के लिये उपयंत्री को स्थल निरिक्षण करने का आदेश जारी कर चौपाटी के व्यवसायीयो को प्रसन्नचित कर दिया।

जनता दरबार मे पूर्व विधायक केडी भाउ के निवास से आंबेडकर चौक तक नाली की सफाई जैसे अनेको विषयो पर भी गंभीरता दिखाकर नपा परिषद ने अपने अमले को सजग कर दिया। वही वार्ड पार्षद प्रतिनिधी लोकेश ठाकरे के आवेदन मोक्षधाम के पास हनुमान मंदिर के निकट मीनी गार्डन के सौदर्यीकरण के विषय को नपा परिषद ने गंभीरता से लेकर अपनी सजगता का परिचय कराया है। दरबार मे आज वार्ड पार्षद, प्रभारी के साथ नपा के अन्य अधिकारीगण भी सक्रिय नजर आये।

# विकासखण्ड परसवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**नवभारत, बैहर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड परसवाड़ा जिला बालाघाट के तत्वाधान जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी एवम विकासखंड समन्वयक सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में 19 मार्च से प्रारंभ जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 से प्रारंभ होकर आज 29 जून को ग्राम परसवाड़ा के छोटे तालाब में जलस्रो पूजन, स्वच्छता उत्सव कार्यक्रम के साथ समापन संपन्न हुआ । जिसमें जनपद अध्यक्ष माननीय सम्भल सिंह धुर्वे जी,जनपद उपाध्यक्ष श्री कांती लाल रहांगडाले,मंडल अध्यक्ष श्री योगेश रहांगडाले, श्री इशाराम तिल्लासी मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री घनाराम उइके जी विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद सुनील कुमार साहू पंचायत सचिव श्री महेश मरकाम नवांकुर संस्था प्रमुख टहेल सिंह पटले, श्रीमती सुषमा चौधरी मेन्टर समस्त द्व्ह्य2 तथा क्र्स्ड्ड छात्र छात्रा, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव सदस्य तथा ग्रामीण जन की उपस्थिति में सर्वप्रथम शिवमंदिर में पूजा की गई ततपश्चात तालाब में पूजन कर श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम शुभारंभ में आये हुए माननीय जनप्रतिनिधियों एवम अधिकारीयो के स्वागत गुलदस्ते देकर किया गया पश्चात विकासखण्ड समन्वयक सुनील साहू द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य एवम महत्व तथा परिषद द्वारा किये गए कार्यो की जानकारी अतिथियों को दी गई इसके बाद अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में जल उसका उपयोग उसका महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जी के द्वारा भी पंचायत द्वारा तथा जन अभियान के द्वारा किये गए कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।अंत मे सभी को जल शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक सुनील साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार करते हुए बावड़ी उत्सव कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा बताई गई इसके उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल के महत्व जानकारी दी गई। तथा बताया गया कि हमें वर्तमान में भौतिक संसाधनों के ऊपर निर्भर न होकर गांव में जितने भी जल स्रोत कुआ ,तालाब, नदी ,झरने इत्यादि जल स्रोतों की साफ सफाई एवं संरक्षण जन सहभागिता और सामूहिकता से करते रहना अनिवार्य है अन्यथा आने वाले समय में जल की कमी से जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है इसलिए सभी का कर्तव्य है कि गांव में जितने भी जल स्रोत हैं उनकी समय-समय पर साफ सफाई एवं देखरेख करना अनिवार्य है तथा पर्यावरण के संतुलन के लिए सभी को पेड़ लगाने का आग्रह किया गया जिससे क्षेत्र में जल कमी ना हो अंत मे विकासखंड खंड समन्वयक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया और अंत में उपस्थित लोगों को अल्पाहार वितरण किया गया। सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।